भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1733

जिसका उत्तर 30 जुलाई, 2025 को दिया जाना है

एनसीएल द्वारा स्थानीय आदिवासी युवाओं को नौकरियां

1733. श्री बाबू सिंह कुशवाहाः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) द्वारा ठेका प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे विभिन्न कार्यों में स्थानीय जनजातीय युवाओं को पर्याप्त रोजगार सुविधा नहीं दी जा रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विस्थापन से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में ठेका कार्यों में जनजातीय युवाओं की भागीदारी भी नगण्य है और यदि हाँ, तो पिछले पाँच वर्षों के दौरान ठेका कार्यों में कितने जनजातीय युवाओं को सुविधा दी गई है और यदि नहीं, तो जनजातीय समुदाय के लिए उचित रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है;

(ग) क्या सरकार ने एनसीएल और उसके संबद्ध ठेकेदारों को स्थानीय जनजातीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने के लिए कोई निर्देश जारी किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) ठेका श्रमिकों में जनजातीय लोगों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु विकसित निगरानी तंत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड अपनी विभिन्न संविदाओं में यह सुनिश्चित करती है कि स्थानीय जनजातीय युवाओं को उनके नियोजन के लिए उचित प्राथमिकता दी जाए और उन्हें संविदा प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे विभिन्न कार्यों में पर्याप्त रूप से समायोजित

किया जाए। पिछले 5 वर्षों में संविदा कार्यों में कार्यरत स्थानीय जनजातीय युवाओं का विवरण इस प्रकार है-

वर्ष 2021 से एनसीएल में संविदा कार्यों में कुल एससी/एसटी कामगारों का विवरण				
प्रारंभ करने का वर्ष	कुल ठेकेदार कामगारों की संख्या	अनुसूचित जाति ठेकेदार कामगारों की संख्या	अनुसूचित जनजाति ठेकेदार कामगारों की संख्या	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कामगारों का प्रतिशत
01.04.2021	19660	3058	2278	27.14
01.04.2022	19339	3028	2371	27.92
01.04.2023	22532	4104	3052	31.76
01.04.2024	25202	4617	3458	32.04
01.04.2025	23766	4279	3251	31.68

(ग) और (घ): खनन सेवा संविदाओं अर्थात संविदा प्रबंधन नियमावली (सीएमएम) में एक प्रावधान किया गया है कि ठेकेदार, जहां तक संभव हो, परियोजना से प्रभावित स्थानीय लोगों को नियोजित करें। ठेका कार्यों में स्थानीय युवाओं और परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कार्यतंत्र मौजूद हैं। एनसीएल अपने नीतिगत ढांचे के माध्यम से समावेशी नियोजन को प्रोत्साहित कर रहा है और ठेका के अवसरों में सहकारी समितियों के माध्यम से स्थानीय युवाओं की सहायता करता है।

*****